प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 रविवार** **दिनांक 02.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1–विधानसभा में कल वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी पेश करेंगे आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रदेश का बजट।

2– निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ईपिक नंबर समान होने का मतलब फर्जी मतदाता नहीं – पंजीकृत मतदाताओं को आवंटित किया जाएगा विशिष्ट ईपिक नंबर।

3– नारायणपुर जिले में आज हुआ अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन–देश–विदेश के एथलीट हुए शामिल।

4–रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**विधानसभा–बजट**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पांचवे दिन कल वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रदेश का बजट प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह हमारी सरकार का दूसरा बजट होगा, जो छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा।

**निर्वाचन आयोग–पहचान पत्र**

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था।

आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपिक नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकते है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकते।

आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यवस्था के कारण अलग–अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र आवंटित हो गए थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपिक नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

**अंबिकापुर–महापौर शपथ ग्रहण**

नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज अंबिकापुर में पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर विलास भोसकर ने महापौर मंजूषा भगत और पार्षदों को आठ–आठ के समूह में शपथ दिलाई।

**वेव्स–बैटल ऑफ़ द बैंड्स**

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स एक से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। भारत पहली बार इस तरह के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन के पहले देशभर में रचनात्मक प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वेव्स अब बैटल ऑफ़ द बैंड्स का ग्लोबल संस्करण प्रस्तुत कर रहा है। इससे युवा पीढ़ी को संगीत की समृद्ध सुंदरता और विविधता से अवगत कराया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिभागी बैंड्स को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करता है। वेव्स एक अनूठा हब एंड स्पोक प्लेटफॉर्म है। यह आयोजन एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर के एम एंड ई उद्योग का ध्यान भारत की ओर आकर्षित करना और इसे भारतीय एम एंड ई क्षेत्र के साथ–साथ इसकी प्रतिभाओं से जोड़ना है। बैटल ऑफ़ बैंड्स ग्लोबल में विविध संगीत प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी। चुने गए शीर्ष पांच ग्लोबल बैंड प्रतिष्ठित वेव्स मंच पर शीर्ष पांच भारतीय बैंड्स के साथ प्रस्तुति देंगे, जिसमें वैश्विक और भारतीय संगीत का प्रदर्शन होगा। इस पहल का उद्देश्य भारत की संगीत परंपराओं को वैश्विक स्तर पर ऊंचा उठाना है।

**चकरभाठा–उप तहसील**

राज्य शासन ने मुंगेली जिले के ग्राम चकरभाठा को उप तहसील बनाने की घोषणा की है। इससे आसपास के बासठ गांवों के हजारों ग्रामीणों को प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। चकरभाठा उप तहसील के अंतर्गत ग्यारह पटवारी हल्कों के राजस्व कार्य संपादित होंगे। इसमें आरआई सर्किल टेमरी के दस और मुंगेली ग्रामीण के एक पटवारी हल्के को शामिल किया गया है। उप तहसील बनने से अब ग्रामीणों को भू–अधिकार पत्र, नामांतरण, विभाजन, खसरा–खतौनी जैसे राजस्व कार्यों के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।
गौरतलब है कि भारतीय किसान संघ जिला मुंगेली ने चकरभाठा को उप तहसील बनाने की मांग की थी।

**मंत्रिमंडल–बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पत्रकारवार्ता में बताया कि बैठक में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम में संशोधन किया गया। राज्य में औद्योगिक नीति को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य और उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय अधिनियम में संशोधन के लिए प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

**माओवादी–शिनाख्त**

सुकमा जिले के गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में कल मारे गए माओवादियों की पहचान पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय महिला माओवादी सोड़ी लिंगे एसीएम और पुरूष माओवादी पोड़ियाम हड़मा एसीएम कैडर के रूप में हुई। इन माओवादियों पर कुल दस लाख रूपए का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक बीजीएल लांचर, एक बारह बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य और अन्य दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है।

**गबन आरोपी–गिरफ्तार**

बलरामपुर जिले के जल संसाधन विभाग में आठ करोड़ सतासी लाख रूपए से अधिक के गबन के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी योगेश्वर स्वरुप भटनागर को अंबिकापुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि तत्कालीन एसडीओ, संजय कुमार ग्रायकर, वरिष्ठ लेखा लिपिक मिथिलेश कुमार पांडेय, डाटा एंट्री ऑपरेटर संजीव कुमार सिंह और संभागीय अधिकारी नीरज अभिषेक एक्का ने वर्ष दो हजार बाईस में सरकारी राशि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी खातों में ट्रांसफर कर दिए थे, जिसमें आरोपी योगेश्वर स्वरुप भटनागर ने भी अपने खाते में एक करोड़ छप्पन लाख रुपये प्राप्त किए थे। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने गबन में शामिल होने की बात स्वीकार की। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**समाजसेवी–एफआईआर**

रायपुर पुलिस ने कथित समाजसेवी ममता शर्मा और उसके पति संजय शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली–गलौज, धमकी और गाड़ी हड़पने का मामला दर्ज किया गया है। खड़गवां निवासी अनिल कुमार साहू ने पुलिस में धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन**

नारायणपुर जिले में आज अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिले के हाईस्कूल मैदान से सुबह साढ़े पांच बजे हाफ मैराथन की शुरुआत हुई, जिसमें हजारों धावकों ने भाग लिया। अबूझमाड़ के बासिंग में मैराथन समाप्त हुई। इस मैराथन में लगभग दस हजार धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें देश–विदेश के एथलीट शामिल थे।

पीस हाफ मैराथन में उत्तरप्रदेश के धावक अक्षय कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय धावकों की भागीदारी में यूथोपिया के एथलीट थ्रोमस आरटसा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में यूथोपिया की वटोटा ने पहला स्थान और उत्तरप्रदेश की रेणुका ने दूसरा स्थान हासिल किया।

**संजू यादव–कबड्डी चैंपियनशिप**

कोरबा जिले के केराकछार–पाली गांव की कबड्डी खिलाड़ी संजू यादव का चयन भारतीय टीम में एशियन कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। संजू यादव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली छत्तीसगढ़ की पहली कबड्डी खिलाड़ी बन गई हैं। चार से नौ मार्च तक ईरान के तेहरान में होने वाली इस प्रतियोगिता में संजू भारतीय टीम का हिस्सा होंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संजू यादव को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**रमज़ान**

रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। बडी संख्या में लोग कल रात मस्जिदों में विशेष नमाज **तरावीह** अदा करने पहुचें। रमज़ान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना है और महीने के अंत में ईद–उल–फ़ितर मनायी जाती है। खाड़ी देशों में आज पवित्र माह रमज़ान का दूसरा रोजा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमज़ान शुरू होने पर लोगों को बधाई दी है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के तापमान में एक बार फिर हल्की गिरावट का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि कल तीन मार्च से दक्षिण से हवा का आगमन कमजोर होने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>